



# दोस्त की शादी में अहमदाबाद से आए युवकों को पीटा, 5 जख्मी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 नवंबर।** दोस्त की शादी में अहमदाबाद से आए बारातियों की आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लात-घूंसों से जमकर मारपीट कर डाली। जिसकी वजह ट्रेक्टर-ट्रॉली द्वारा बारातियों की थार गाड़ी को टक्कर मारने को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। घटना 2 नवंबर की दोपहर सिविल लाईन थाना क्षेत्र में एनएच-44 हाईवे पर होटल समर पैलेस के सामने होना बताई गई है।

## थार गाड़ी में ट्रेक्टर-ट्रॉली के टक्कर मारने पर हुआ था विवाद





जानकारी के अनुसार बागचीनी इलाके के गांव तोर तिलावली निवासी मनीष गोस्वामी गुजरात में काम करता है। 2 नवंबर को मनीष गोस्वामी की मुरैना में शादी होना थी। शादी में शामिल होने के लिए मनीष के दोस्त कुलदीप यादव (24 ), शुभम यादव (32) निवासीगण अहमदाबाद अपनी थार जीप को लेकर मुरैना आए हुए थे। वैवाहिक समारोह का आयोजन एनएच-44 हाईवे पर आगरा एंड की ओर स्थित होटल समर पैलेस में होना था। 2 नवंबर की दोपहर कुलदीप और शुभम की थार जीप होटल समर पैलेस के सामने खड़ी हुई थी। तभी एक ट्रेक्टर-ट्रॉली ने थार जीप में सामने से टक्कर मार दी। जिससे जीप का बंपर टूट गया। जिसे लेकर कुलदीप यादव ने ट्रेक्टर ड्राईवर से शिकायत की। ट्रेक्टर ड्राईवर ने मरम्मत के लिए पैसे देने की बात कहते हुए मालिक को बुलाने के लिए मोबाइल फोन से कॉल किया। कुछ देर बाद आधा दर्जन लोग बाइकों पर सवार होकर वहां पहुंचें और वहां मौजूद कुलदीप, शुभम सहित अजय सिकरवार (25) निवासी तोर तिलावली एवं सचिन के साथ गालियां देते हुए मारपीट करना शुरू कर दी। झगड़ा होने की बात समारोह में मौजूद लोगों को मिली तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर बीचबचाव कराया। मारपीट में कुलदीप, शुभम, अजय सिकरवार और सचिन जख्मी हुए है। सिविल लाईन थाना पुलिस ने हमलावरों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।



# स्थापना दिवस समारोह में नहीं पहुंचें अधिकारी-कर्मचारी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पहाड़गढ़, 2 नवंबर।** जनपद मुख्यालय पर मप्र का स्थापना दिवस तो मनाया गया लेकिन अधिकारी नहीं आए। पहाड़गढ़ जनपद में भी कोई जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी नहीं दिखा। शाम 6 बजे के बाद अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी बाहर से अप-डाउन करते हैं इसलिए वह शाम 4 बजे ही अपनी ड्यूटी कर चले गए। इस संबंध में जनपद सीईओ महावीर बौद्ध का कहना था कि मैं जिलास्तर के कार्यक्रम में उपस्थित था, जिसकी वजह से वहां नहीं पहुंच सका।

# अतिवर्षा से फसलें 100 प्रतिशत नष्ट, मुआवजा मिले : रुस्तम

## प्रभावित गांवों में पहुंचें पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, कलेक्टर, एसडीएम से की चर्चा



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 नवंबर।** बीते दिनों अतिवर्षा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। इन फसलों का मुआयना करने के लिए पूर्वमंत्री रुस्तम सिंह मुरैना विसं के ग्राम अरदौनी, भैंसोरा, मिढ़ैला, पत्तापुरा, मितावली, देवीसिंह का पुरा, गादरा, सबदलपुर, सिलगिला, बख्शी का पुरा, नौगांव, रिठौरा आदि गांवों में पहुंचे। उन्होंने खेतों पर जाकर देखा जहां किसानों की धान की फसल में शत-प्रतिशत नुकसान होना पाया गया। पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह ने खेतों में मौजूद किसानों के समक्ष कलेक्टर एवं एसडीएम मुरैना से मोबाइल फोन पर चर्चा कर उन्हें फसलों में हुए शत-प्रतिशत नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने अधिकारियों से फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराए जाकर शीघ्र मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

**प्रभावित गांवों में पहुंचें पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, कलेक्टर, एसडीएम से की चर्चा**

# वोटर लिस्ट एसआईआर : अंबाह में हुई बीएलओ की ट्रेनिंग



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 नवंबर।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलन में है। इसी क्रम में गत दिवस विधानसभा क्षेत्र अम्बाह के बीएलओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी बीएलओ को मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम अम्बाह रामनिवास सिकरवारए तहसीलदार नवीन भारद्वाज, नायब तहसीलदार केके शर्मा, राजेन्द्र मौर्य, प्रदीप वर्मा सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि एसआईआर के अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित करेंगे तथा मतदाताओं से जानकारी प्राप्त कर उसे भरवाने में सहयोग करेंगे। घर-घर गणना कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को होगा। दावे एवं आपत्तियां 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक प्राप्त किए जावेंगे।



## मुरैना-सबलगढ़ के बीएलओ के प्रशिक्षण आयोजित

मुरैना विधानसभा क्षेत्र के 324 बीएलओ एवं सबलगढ़ विस के बीएलओ के प्रशिक्षण भी रविवार को आयोजित हुए। मुरैना विस के प्रशिक्षण में एसडीएम मुरैना भूपेन्द्र सिंह कुशवाह और सबलगढ़ में एसडीएम सुश्री मेघा तिवारी मौजूद रहीं।



## सुमावली विस के 145 बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न

वोटर लिस्ट एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सुमावली विधानसभा के 145 बीएलओ का प्रशिक्षण रविवार को उत्कृष्ट उमावि क्रं . 1 मुरैना में संपन्न हुआ। जिसमें तहसीलदार भरत कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर्स ने बीएलओ को एसआईआर के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## गढ़ीपुरा गांव में हुआ किसान इकाई का सम्मेलन



**मुरैना/कैलारस, 2 नवंबर।** मप्र किसान सभा की ग्राम इकाई गढ़ीपुरा का सम्मेलन रविवार को हुआ। यहां बता दें कि गढ़ीपुरा गांव की पहचान संघर्षशील किसानों से है। सम्मेलन का उद्घाटन तहसील महासचिव भोंरुलाल धाकड़ ने किया। सम्मेलन की अध्यक्षता रमेश राठौड़ ने की। सम्मेलन में किसान सभा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़ए कन्हैयालाल धाकड़ए छात्रनेता राजवीर सिंह ने संबोधित किया। ग्राम इकाई के अध्यक्ष नारायण सिंह धाकड़, महासचिव राजेंद्र सिंह चुने गए। कार्यक्रम का समापन मप्र किसान के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने किया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। ग्राम वीरमपुर मनगढ़ में भी किसान सभा का सम्मेलन हुआ, जिसमें अध्यक्ष घनश्याम सिंह धाकड़, महासचिव सूरज धाकड़ आदि बनाए गए।

# पर्यावरण को सहेजने पौधारोपण अत्यंत जरूरी : शर्मा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 नवंबर।** लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने और ग्लोबल वॉर्मिंग के खतरे से निपटने के लिए पृथ्वी पर पेड़-पौधों का होना नितांत जरूरी है। प्रकृति को सहेजने के लिए हम सबको नियमित रूप से वृक्षारोपण करना चाहिए।

## भाजपा नेताओं ने टीआईटी कॉम्प्लेक्स परिसर में किया वृक्षारोपण



यह बात भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनरेश शर्मा ने कही। श्री शर्मा, रविवार को पुराना बस स्टैंड क्षेत्र स्थित टीआईटी कॉम्प्लेक्स परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से मुखातिब थे। कार्यक्रम के दौरान परिसर में अशोक के पौधों का रोपण किया गया और उनकी सुरक्षा र्को लिए ट्री-गार्ड भी लगाए गए। उपस्थित भाजपा नेताओं ने पौधों की नियमित रूप से देखभाल किए जाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर भाजपा के मुरैना दक्षिण मंडल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा, मुंगावली मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, मुकेश भारद्वाज, सारांश शर्मा, पत्रकार अवधेश डंडौतिया, महेश शर्मा, समाजसेवी लोकेन्द्र डंडौतिया आदि उपस्थित थे।

## खाटू श्याम के जन्मदिन पर हुआ संगीतमय प्रोग्राम देर रात तक चली भजन संध्या

**कैलारस 2 नवम्बर ।** कैलारस के निकट स्थित ग्राम पंचायत सुजरमा में कलयुग के राजा व महाभारत के परम योद्धा बर्बरीक जो के कलयुग में भगवान खाटू श्याम जी है।कल उनका जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से वह संगीतमय प्रोग्राम करके मनाया गया। इससे पहले भक्त जनों के द्वारा खाटू श्याम जी की मूर्ति को भव्य रूप से सजाया गया। इसके बाद आरती करके कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान भजन कलाकार अल्पना जादौन, दीपक अवस्थी व सुभाष पाराशर के द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इससे पहले इत्र वर्षा पुष्प वर्षा व अलौकिक श्रृंगार भक्त जनों के द्वारा किया गया। इस दौरान राम भगवान व लक्ष्मण जी की झांकी देखने को भी भक्त जनों को मिली। भजनों के दौरान भगवान खाटू श्याम जी का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया ।इस दौरान भजन संध्या के अंत में भक्त जनों के लिए प्रसादी भी वितरित की गई। यह प्रोग्राम शाम 7:00 बजे से चालू होकर देर रात्रि तक चलता रहा।



# कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों को समाज में मिलता है सम्मान : परिहार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 नवंबर।** शिक्षा एवं छात्रों के हित में अपने कर्मव्यों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने वाले शिक्षकों को समाज में सदैव सम्मान प्राप्त होता है। शिक्षक गोपाल मंडेलिया का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उन्होंने अपने पदीय दायित्वों का पूरे सेवाकाल में पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन किया है। जो काबिले तारीफ है।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक गोपाल मंडेलिया को दी भावीनी विदाई



यह बात मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने कही। श्री परिहार, शिक्षक गोपाल मंडेलिया के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे।

समारोह का आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय आदर्श कॉलोनी बानमोर में शनिवार को हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य नरेश गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त श्री मंडेलिया को साफा पहनाने के बाद शॉल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजेन्द्र सिंह निम, उर्मिला मैकाले, रूपसिंह तोमर, सरिता गुप्ता, अखिलेश समाधिया, लज्जाराम धाकड़, जनशिक्षक योगेन्द्र शर्मा, रामचित्र, आनंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के ईमानदार अधिकारी की सख्त कार्य प्रडाली से घबडाये ठेकेदारों ने लगाये आरोप अधिकारी ने बताई हकीकत

**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़, 2 नवम्बर।** उपमहाप्रबंक सबलगढ़ के विरूद्ध ठेकेदारों एवं किसानों द्वारा जो असत्य एवं निराधार आरोप लगाए गये है उसके संबंध में उपमहाप्रबंक आर.के. मोर्य द्वारा बताया गया है कि ठेकेदार लगातार नियम विरूद्ध कार्य करने के लिए दवाब बना रहे थे लखन शर्मा के विरुद्ध अवैध रूप से कार्य करने के एवज मैं ब्लैक लिस्ट की कार्यवाही चल रही है एवं पुलिस थाना जौरा मैं प्राथमिकी दर्ज करने हेतु पत्र भी दिया गया है। नंदकिशोर गुर्जर ठेकेदार द्वारा कैलारस में अवैध कॉलोनी में विधुतिक्रत करने हेतु दवाब बनाया जा रहा था एवं संतोष जादोंन द्वारा किसानों से पैसे लेकर प्राक्कलन के अनुसार कार्य नही किये गए है जिसके विरुद्ध आर.के.मोर्य द्वारा प्रकरण दर्ज किया था जिसकी बिलिंग राशि 64000/- है ईवा सभी ठेकेदारों द्वारा किसानों से पैसे लेकर प्राक्कलन के अनुसार कार्य नही कराये जाते है और उसकी राशि भी वितरण करने की कवायत की जा रही थी जिसे उपमहाप्रबंक आर.के.मोर्य द्वारा ठेकेदारों के मंसूबो पानी फेर दिया गया जिस कारण सभी ठेकेदारों द्वारा उपमहाप्रबंक आर.के.मोर्य के खिलाफ फर्जी साजिस कर उपमहाप्रबंक सबलगढ़ के पद से हटाना चाहते है जिससे जिससे ये अपने मंसूबों मैं कामयाब हो सके।

# ग्वालियर व्यापार मेले को आधुनिक बनाने मदद मिले :कैट

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 नवंबर।** कॉन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री भूपेन्द्र जैन के साथ कैट पदाधिकारियों ने मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर से मुरैना में उनके कार्यालय पर भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में कैट जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल संजू, कोषाध्यक्ष नवल अग्रवाल, संभागीय मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ खंडेलवाल, ग्वालियर के संयुक्त सचिव हिमांशु छापड़िया, सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत आलौरिया आदि व्यापारी शामिल थे।

## डेलीगेशन ने मुरैना-श्योपुर सांसद तोमर को सौंपा ज्ञापन



कैट ने उन्हें आग्रह पत्र सौंपा, जिसमें ग्वालियर व्यापार मेले को अत्याधुनिक बनाने मप्र एक्सपो फैसिलिटेशन सेंटर को वातानुकूलित कर उपयोग मे लाने, दुकानें, छत्रियां, शौचालय ठीक कराने के लिए राज्य और केंद्र सरकार से आर्थिक सहयोग की मांग की। प्रतिनिधिमंडल को सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने आश्वस्त किया कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं अन्य उचित स्थान पर ग्वालियर व्यापार मेले के विकास की चर्चा करेंगे।

# सबलगढ़ बाईपास मार्ग का कार्य अटका 11 गांवों के किसानों को नहीं मिला मुआवजा

**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़, 2 नवम्बर।** सबलगढ़ शहर के लिए बनने वाले 13 किलोमीटर बाईपास का कार्य अटक गया है ग्यारह गांवों के किसानों को अभी तक उनकी जमीन का मुआवजा नहीं मिल पाया है शहर में बाईपास मार्ग का निर्माण 12, 9 किलो मीटर में 250 करोड़ की लागत से होना है अभी तक राजस्व विभाग द्वारा भू अर्जन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है जबकि भू अर्जन की प्रक्रिया ओर जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही एक वर्ष पहले शुरू की गई थी अभी तक पचास प्रतिशत किसानों को जमीन का मुआवजा भी नहीं मिल पाया है।

## 250 करोड़ की लागत से बनना है बाईपास

यह बाईपास ग्यारह गांवों की 35.25 हेक्टेयर जमीन पर बनना है नेशनल हाईवे 552 सबलगढ़ श्यामपुर मार्ग के तहत बनना है जिसका उद्देश्य सबलगढ़ शहर को बड़े वाहनों के जाम से मुक्ति दिलाना है वर्तमान में श्योपुर शिवपुरी विजयपुर बीरपुर करौली जयपुर जाने वाले वाहनों को शहर के मध्य से होकर गुजरना पड़ता है जिससे शहर में दिन भर जाम जैसे हालात बने रहते हैं इस बाईपास के बनने से शहर के नागरिकों को जाम से मुक्ति मिलेगी यह बाईपास सबलगढ़ शहर से सात किलोमीटर पहले डबेरा गांव के पास से शुरू होकर नगर के किनारे किनारे बनेगा जो काजोना घाटी के पास निकलेगा यह 12 मीटर चौड़ा बनेगा इस पर 250 करोड़ की लागत आएगी नेशनल हाईवे के उपयंत्री विजय अवस्थी का कहना है कि बाईपास में जिन किसानों की जमीन आ रही है उनके हिस्से की सटीक जानकारी ना मिलने के कारण परेशानी आ रही है अभी तक केवल 50 प्रतिशत राशि ही वितरित हो पाई है तहसीलदार आशीष आशवाल का कहना है कि राजस्व विभाग द्वारा 11 गांवों की 35.25 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही एक वर्ष पहले पूरी कर ली थी संबंधित विभाग के अधिकारी आर आई पटवारी के साथ बैठकर इस समस्या को हल कर सकते हैं इस क्षेत्र की जनता को इस बाईपास का लंबे समय से इंतजार है क्योंकि यदि यह बाईपास समय पर बन जाता है तो शहर में लगने वाले वाहनों से जाम की समस्या से निजात मिलेगी और आगे जाने वाले वाहन सीधे बाईपास मार्ग से निकल सकेंगे।




# श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र का घमंड चूर किया

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 2 नवंबर।** इंद्र को जब अपनी शक्तियों पर अभिमान हो गया तो भगवान श्रीकृष्ण ने बृजवासियों से गोवर्धन की पूजा करवाकर उनको अहसास कराया कि घमंड किसी का नहीं रहता। लेकिन इंद्र ने भी हठधर्मिता दिखाते हुए 7 दिन तक गोकुल पर घनघोर बारिश कराई। ऐसे में भगवान ने अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर बृजवासियों की रक्षा की। तब इंद्र को अपनी गलती का अहसास हुआ। यह बात अग्रवाल महासभा द्वारा अग्रवाल समाज की धर्मशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य महेश मिश्र गुरू ने कही।

## जौरा की अग्रवाल धर्मशाला में भागवत कथा का आयोजन



उन्होंने भगवान की लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। इस दौरान सुंदर झांकियां भी सजाई गई, जिन्हें देखकर श्रोता भक्तिभाव में डूब गए। सोमवार को रासलीला उत्सव में श्रीकृष्ण का द्वारका गमन, रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई जाएगी।